सराहनीय कार्य

मुजफ्फरनगर पुलिस

**प्रेस नोट:- दिनांक 21.06.26**

## नाबालिक लडकी का अपहरण कर बलात्कार करने वाले 01 अभि0 को थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक महोदय "मेरठ जोन मेरठ" एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय "सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर" के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद मुजफ्फरनगर श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय, जनपद मुजफ्फरनगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी महोदय खतौली के कुशल नेतृत्व में **थाना मंसूरपुर पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 23.04.20226 को थाना हाजा पर वादी नबाब पुत्र श्री शरीफ निवासी ग्राम बेगराजपुर थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फरनगर द्वारा तहरीर दी गयी अभि0 राजा पुत्र जगदीश निवासी ग्राम संधावली थाना मंसूरपुर जिला मु0नगर द्वारा मेरी भतीजी मुस्कान पुत्री इरफान निवासी ग्राम बेगराजपुर थाना मंसूरपुर जिला मु0नगर उम्र करीब 17 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले गया है प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंसूरपुर पर मु0अ0स0- 91/2026- धारा-137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया पीड़िता की बरामदगी के पश्चात उसका चिकित्सीय परीक्षण (Medical Examination) कराकर मा0 न्यायालय के समक्ष अन्तर्गत धारा 183 बीएनएसएस के के बयान अंकित कराये गये। पीड़िता ने अपने बयानों में स्पष्ट किया कि अभियुक्त उसे बहला-फुसलाकर ले गया था और उसने उसके साथ **बलात्कार (दुष्कर्म)** की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता मुस्कान उपरोक्त के इन गंभीर बयानों के आधार पर दर्ज मुकदमे में तत्काल धारा 65(1) बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गई है। तथा उक्त मामले में संज्ञान लेकर थाना प्रभारी मंसूरपुर के निर्देशन में आरोपी अभियुक्त राजा पुत्र जगदीश निवासी ग्राम संधावली थाना मंसूरपुर जिला मु0नगर को बहलना कट से संधावली अण्डर पास की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभि0 को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

**गिरफ्तार अभियुक्त:--**

**01.** राजा पुत्र जगदीश निवासी ग्राम संधावली थाना मंसूरपुर जिला मु0नगर उम्र करीब 20 वर्ष

**पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 ललित राजपूत , थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर
2. का0 62 मनोज कुमार , थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर
3. का0 2313 लोकेश कुमार , थाना मंसूरपुर मुजफ्फरनगर
4. का0 2219 गौरव चौधरी , थाना मंसूरपुर मुजफ्फरनगर

(विपिन कुमार त्यागी)
प्रभारी निरीक्षक
थाना मंसूरपुर जिला मु0नगर